# हरिफाटक से नीलकंठ द्वार तक 980 मीटर का नया फोरलेन ब्रिज

- महाकाल मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी बड़ी सौग़ात
- 156 .5 करोड़ की लागत से बनेगा सिक्सलेन,नवभारत की खबर पर मोहर
- एमपीआरडीसी ने किया टेंडर जारी

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. महाकाल की नगरी को विकास के पंख लगने वाले हैं, चारों तरफ निर्माण कार्य, सौन्दर्यकरण, चौड़ीकरण जिस प्रकार से चल रहे हैं, ऐसे में आने वाले सिंहस्थ के लिए उज्जैन को चौतरफ़ा तैयार किया जा रहा है. इंदौर से उज्जैन तक जो सिक्स लाइन बनकर आ रहा है, उसमें सिक्स लेन ब्रिज भी महाकाल लोक नीलकंठ द्वार तक बनेगा, इसके लिए एमपी आरडीसी ने पृथक से टेंडर लगा दिया है.**

नवभारत से चर्चा में एमपी आरडीसी के अधिकारियों ने बताया कि 156.5 करोड़ की लागत से सिक्सलेन का निर्माण होगा,हरिफाटक ओवरब्रिज से महाकाल मंदिर तक बनेगा. 4 लेन के समानांतर सिक्स लेन ब्रिज बनाने की खबर नवभारत में सबसे पहले प्रकाशित की थी जिस पर एमपी आरडीसी ने मोहर लगाई है.

**सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ**-सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देते हुए, धार्मिक नगरी उज्जैन में यातायात के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को जल्द ही मूर्त रूप मिलने जा रहा है. शहर के सबसे व्यस्त हरिफाटक ओवरब्रिज को सिक्सलेन बनाने के लिए मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम ने टेंडर जारी कर दिया है, टेंडर खुलने के बाद इस सिक्स लेन का निर्माण शुरू होगा. इसके बनने से श्रद्धालुओं को महाकुंभ के दौरान खासा लाभ मिलेगा. यह परियोजना न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि इंदौर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सीधे महाकाल मंदिर के नीलकंठ द्वार तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करेगी.



**980 मीटर लंबा नया फोरलेन ब्रिज**-एमपीआरडीसी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस पूरे प्रोजेक्ट में मौजूदा हरिफाटक ओवरब्रिज के समानांतर एक नया फोरलेन फ्लाईओवर बनाया जाएगा. इस नए फोरलेन के निर्माण के बाद मौजूदा और नया दोनों ब्रिज मिलकर सिक्सलेन की सुविधा प्रदान करेंगे. इस फ्लाईओवर की अनुमानित लंबाई 980 मीटर लगभग 3215 फीट होगी.


अब होगा महाकाल मार्ग का कायाकल्प , जल्द होगा सर्वे

## हाट बाजार के ऊपर से गुजरेगा नया मार्ग

नया फोरलेन ओवरब्रिज महाकाल महालोक की दिशा में जिला पंचायत के हाट बाजार के ऊपर से निर्मित किया जाएगा. इसके लिए कुछ आवश्यक जमीन का अधिग्रहण भी किया जाएगा और मार्ग में आ रहे अवैध निर्माणों को हटाया जाएगा. यातायात की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए, इस ब्रिज की एक अतिरिक्त ब्रांच गऊघाट फिल्टर प्लांट की तरफ भी निकाली जाएगी. इससे बडऩगर रोड की ओर आने-जाने वाले लोगों को एक आसान कनेक्टिविटी मिल सकेगी. योजना के तहत, वर्तमान हरिफाटक ब्रिज को वन-वे यातायात के लिए उपयोग किया जाएगा.

**हरीफाटक चौराहे से शुरू होगा ब्रिज**- यह नया सिक्स लेन ब्रिज सीधे हरिफाटक चौराहे से शुरू कर महाकाल महालोक की ओर नीलकंठ द्वार तक जोड़ा जाएगा. यह ब्रिज विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 के दौरान यातायात प्रबंधन में निर्णायक भूमिका निभाएगा. इंदौर और अन्य शहरों से आने वाले वाहनों का अधिकांश दबाव इसी मार्ग पर रहता है. सिक्सलेन हो जाने के बाद, महाकाल मंदिर क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही सरपट और निर्बाध हो सकेगी.

**मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लगाई थी मोहर** -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस महत्वपूर्ण योजना को पहले ही हरी झंडी मिल चुकी है. इस प्रोजेक्ट के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के बाद 156 .5 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है.

**30 अक्टूबर को खुलेगा टेंडर**-टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर निर्धारित की गई है जिसके अगले दिन 30 अक्टूबर को टेंडर खोला जाएगा. ठेकेदार कंपनी के चयन और आवश्यक स्वीकृति प्रक्रियाओं को पूरा करने में करीब एक से दो माह का समय लगने की संभावना है. इसके तुरंत बाद धरातल पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा.

**अन्य सड़कें भी हो रहीं फोरलेन**-हरिफाटक ब्रिज को सिक्सलेन करने के साथ-साथ क्षेत्र में अन्य सड़कों के उन्नयन का कार्य भी समानांतर चल रहा है. पीडब्ल्यूडी द्वारा हरिफाटक से चिंतामन गणेश मंदिर रोड को भी युद्धस्तर पर फोरलेन बनाया जा रहा है. इसके अलावा, हरिफाटक चौराहा से वाकणकर ब्रिज की ओर जाने वाली सड़क को भी फोरलेन किया जा रहा है. इन सभी विकास कार्यों के पूरा होने के बाद उज्जैन का पूरा यातायात प्रबंधन तंत्र अत्याधुनिक और भव्य स्वरूप में सामने आएगा.

### इनका कहना है ...

एमपीआरडीसी के संभागीय महाप्रबंधक विजयसिंह ने चर्चा में बताया कि हरिफाटक चौराहा से नीलकंठ द्वार तक प्रक्रिया पूरी होते ही, चयनित ठेकेदार को वर्क ऑर्डर जारी कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा.

# अगले माह लाड़ली बहनों को मिलेंगे 1500

### मुख्य बिंदु

- भाईदूज पर बहनों को नहीं मिले 250 रुपये
- सीएम निवास में भाई दूज पर हुआ विशेष कार्यक्रम
- बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं : सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 23 अक्टूबर. प्रदेश की लाड़ली बहनों को भाईदूज के मौके पर 250 रुपये अतिरिक्त नहीं मिल सके. अब यह राशि अगले माह मिलेगी. इसी के साथ अगले माह से योजना के तहत 1500 रुपये दिए जाएंगे.**

यानी अगले माह 1500 रुपये की पहली नियमित किस्त के साथ 250 रुपये की



अतिरिक्त राशि मिलाकर कुल 1750 रुपये मिलेंगे. मुख्यमंत्री निवास परिसर में गुरुवार को भाईदूज के मौके पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों ने हिस्सा लिया. इस दौरान बहनों को उम्मीद थी कि उन्हें 250 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका. मौके की नजाकत को भांपते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बार- बार दोहराया कि बहनों को अगले माह से 1500 रुपये मिलेंगे. उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे लाड़ली बहनों के रूप में 1 करोड़ 26 लाख से अधिक बहनें मिली हैं. हम बहनों के जीवन में नई रोशनी, नई खुशी जोड़ रहे हैं.

प्रदेश की सभी लाडली बहनों को अब हर माह 1500 रुपए मिलेंगे. बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों के साथ आत्मीय संवाद कर सभी को भाईदूज की शुभकामनाएं दीं.

### बहनों ने सीएम को तिलक लगाया, साफा पहनाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाईदूज के पावन पर्व पर सभी लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर भाईदूज की बधाई देकर मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय स्वागत किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित बहनों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाया, साफा पहनाया, नारियल भेंट कर अभिनंदन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों को उपहार भेंट दी और मिठाई खिलाकर आभार जताया. कार्यक्रम में मौजूद लाड़ली बहनों ने भाई-बहन के प्रेम और स्नेह पर केन्द्रित निमाड़ी लोकगीत गाये, नृत्य किया और परम्परागत स्वर लहरियों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम स्थल को अपनत्व से भाव-विभोर कर दिया.

## आग में दम घुटने से कांग्रेस ..

प्रथम पृष्ठ से जारी

**गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते थे**- प्रवेश अग्रवाल नर्मदा युवा सेना के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष थे. वे कांग्रेस की राजनीति से भी जुड़े थे और देवास क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते थे. प्रवेश अग्रवाल की असामयिक मृत्यु की खबर से व्यावसायिक और राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई हैं, उनके सहयोगियों का कहना है कि वे हमेशा मुस्कराकर मदद करने वाले इंसान थे, दीपावली पर ऐसा हादसा ईश्वर की कठोर परीक्षा जैसा है.

**हर साल खोलते थे नया शोरूम**- शहर के राजेंद्र नगर और देवास नाका में उनके दो बड़े वाहन शोरूम हैं. इसके अलावा खरगोन, बड़वानी, देवास, कुक्षी सहित कई शहरों में उन्होंने कारोबार फैलाया था. वे हर साल दीपावली पर एक नया शोरूम शुरू करते थे. इस बार उन्होंने अन्नपूर्णा क्षेत्र में नया टू-व्हीलर शोरूम खोला था.


**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003

फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com

क्रमांक 376/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 23.10.2025

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र/सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 169/2025_STDC_458655_1/मालासरी टापू जिला मंदसौर में सोलर पेनल, डी.जी. सेट की स्थापना एवं अन्य विद्युतीकरण के कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 02 माह) | 22.39 |
| 2. | 170/2025_STDC_458656_1/नागरबेडा, हनुवंतिया जिला खण्डवा में सोलर पेनल, डी.जी. सेट की स्थापना एवं अन्य विद्युतीकरण के कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 02 माह) | 21.84 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 12.11.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 27.10.2025 देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/122651/2025 कार्यपालन यंत्री







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**